भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2789**

जिसका उत्तर दिनांक 15.12.2021 को दिया जाना है

## यूरेनियम का उत्पादन

2789. श्री रितेश पाण्डेय :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में यूरेनियम का वर्तमान वार्षिक उत्पादन सभी कार्यरत यूरेनियम आधारित परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की वार्षिक ईंधन आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा उक्त प्रयोजन के लिए वैकल्पिक ईंधन/प्रौद्योगिकियों/आयातिक ईंधन का पता लगाने के लिए क्या कदम उठाए गएं/उठाए जा रहे हैं;

(ग) देश में यूरेनियम का अनुमानित भंडार और उत्खनन क्षमता यूरेनियम खान-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र–वार कितनी है एवं पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान खदान-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार निकाले गए यूरेनियम का ब्यौरा क्या है तथा उक्त अवधि के दौरान इस संबंध में कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई; और

(घ) क्या देश अन्य देशों से यूरेनियम का आयात कर रहा है और यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं आयातित यूरेनियम की मात्रा कितनी है तथा इन पर देश-वार कितनी निधि व्यय की गई ?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) से (घ) देश में यूरेनियम का मौजूदा वार्षिक उत्पादन, यूरेनियम आधारित सभी प्रचालनरत नाभिकीय विद्युत संयंत्रों की वार्षिक ईंधन आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है । तथापि, इस संबंध में, हम थोरियम जिसके हमारे पास काफी भंडार हैं, पर आधारित वैकल्पिक ईंधन की संभावना लगातार तलाश कर रहे हैं । आगे, विभाग कनाडा, कज़ाख्स्तान, उजबेकिस्तान और रूस जैसे विभिन्न देशों से भी यूरेनियम का आयात कर रहा है ।

परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी), परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) की एक संघटक इकाई है जिसका अधिदेश देश में यूरेनियम, थोरियम, नीयोबियम, टेन्टेलम, बेरीलियम, लिथियम, जिर्कोनियम, टाइटेनियम के खनिज संसाधनों और यूरेनियम एवं थोरियम युक्त दुर्लभ पदार्थ का अभिनिर्धारण, मूल्यांकन और संवर्धन करना है । नवम्बर 2021 को एएमडी ने 3,58,496 टन (टी) स्वस्थाने यूरेनियम ऑक्साइड स्थापित किया है । एएमडी द्वारा अभिनिर्धारित यूरेनियम संसाधनों का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-ए** में दिया गया है । यूरेनियम निष्कर्षण का विवरण बताना सार्वजनिक हित में नहीं है ।

आयातित यूरेनियम का, उस पर खर्च की गई निधि के साथ विवरण देश-वार **अनुलग्नक-बी** में दिया गया है ।

* * * *

## अनुमानित यूरेनियम स्रोतों का राज्य-वार विवरण

| राज्य | जिला | निक्षेप का नाम | स्रोत (टन) $U_3O_8$ | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| **आंध्र प्रदेश** | कड़प्पा | तुम्मलपल्ली समूह | 2,06,124 | मौजूदा खान (अन्वेषणाधीन) |
| | गुंटूर | कोप्पुनुरु | 2,761 | अनुमानित स्रोत |
| | **उप-योग** | | **2,08,885** | |
| **तेलंगाना** | नलगोंडा | लम्बापुर | 1,450 | योजनाबद्ध खनन केंद |
| | | पेद्दागट्टू | 7,585 | योजनाबद्ध खनन केंद |
| | | चित्रियल | 9,515 | अन्वेषणाधीन |
| | **उप-योग** | | **18,550** | |
| **झारखंड** | पूर्वी सिंहभूम | जादूगुडा | 8,038 | मौजूदा खान |
| | | जादूगुडा नार्थ | 6,810 | अन्वेषणाधीन |
| | | भाटिन | 1,700 | मौजूदा खान |
| | | नरवापहाड़ (एनडब्ल्यूपी) + एनडब्ल्यूपी विस्तार | 11,780 | मौजूदा खान |
| | | नरवापहाड़ दीपर | 8,034 | मौजूदा खान का विस्तार |
| | | तुरमडीह समूह | 11,510 | मौजूदा खान |
| | | बांडुहुरंग | 6,489 | मौजूदा खान |
| | | बागजाता | 1,860 | मौजूदा खान |
| | | मोहुलडीह | 3,330 | मौजूदा खान |
| | | गाराडीह | 1,270 | लघु निक्षेप |
| | | कन्यालुका | 1,970 | लघु निक्षेप |
| | | निमडीह | 815 | लघु निक्षेप |
| | | राजगांव | 1,200 | लघु निक्षेप |
| | | सिंगरीडुंगरी-बनाडुगरी | 12,575 | अन्वेषणाधीन |
| | | राजदाह | 1,019 | अन्वेषणाधीन |
| | सराइकेला-खरस्वान | बंगुरडीह | 1,785 | अन्वेषणाधीन |
| | **उप-योग** | | **80,185** | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **मेघालय** | दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स | केपीएम (डोमियासियाट) | 9,500 | योजनाबद्ध खनन केन्द्र |
| | | वाहकिन – वाहकुट | 9,764 | योजनाबद्ध अन्वेषणात्मक खनन (अन्वेषणाधीन) |
| | | गोमाघाट-फलांग्डिलाँग | 1,000 | लघु निक्षेप |
| | | तिरनई | 600 | लघु निक्षेप |
| | | लाँग्स्टाइन | 869 | लघु निक्षेप |
| | | उमथॉन्गकुट | 1,535 | लघु निक्षेप |
| | **उप-योग** | | **23,268** | |
| **राजस्थान** | सिकर | रोहिल | 8,610 | अन्वेषणात्मक खनन केन्द्र (अन्वेषणाधीन) |
| | | रोहिल (पश्चिम) | 955 | लघु निक्षेप |
| | | जहाज़ | 3,570 | अन्वेषणाधीन |
| | उदयपुर | उमरा | 1,160 | लघु निक्षेप |
| | **उप-योग** | | **14,295** | |
| **कर्नाटक** | यादगिर | गोगी | 4,267 | अन्वेषणात्मक खनन केन्द्र |
| | | कंचनकायी – हुलकल | 2,621 | अन्वेषणाधीन |
| | दक्षिण कनाडा | वाल्कुंजी -येलाक्की | 415 | लघु निक्षेप |
| | **उप-योग** | | **7,303** | |
| **छत्तीसगढ़** | राजनांदगांव | बोडल | 1,530 | लघु निक्षेप |
| | | भंडारीटोला | 518 | लघु निक्षेप |
| | सरगुजा | जाजवल | 1,438 | लघु निक्षेप |
| | | दुमाथ – धाबी | 500 | लघु निक्षेप |
| | **उप-योग** | | **3,986** | |
| **उत्तर प्रदेश** | सोनभद्र | नक्टु | 785 | अन्वेषणाधीन |
| | **उप-योग** | | **785** | |
| **उत्तराखंड** | रुद्रप्रयाग | पोखरी - तुंजी | 100 | लघु निक्षेप |
| | **उप-योग** | | **100** | |
| **हिमाचल प्रदेश** | उना | राजपुरा | 364 | अन्वेषणाधीन |
| | शिमला | काशा - कलाडी | 200 | लघु निक्षेप |
| | मंडी | तिलेली | 220 | लघु निक्षेप |
| | **उप-योग** | | **784** | |
| **महाराष्ट्र** | गोंदिया | मोगर्रा | 355 | लघु निक्षेप |
| | **उप-योग** | | **355** | |
| **कुल योग** | | | **3,58,496** | |

*****

अनुलग्नक – बी

| वर्ष 2018-19 से ईंधन आयात विवरण का सार | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | वर्ष | जेएससी टीवीईएल रूस द्वारा आपूर्ति की गई समृद्ध ईंधन गुटिकाएं | | | मेसर्स जेएससी एनएसी, कज़ाटोम्प्रोम, कज़ाख्स्तान द्वारा आपूर्ति किए गए प्राकृतिक यूरेनियम अयस्क सांद्रण | | | केमेको इंक., कनाडा | | | योग | |
| | | प्राप्त मात्रा (एमटीयू में) | व्यय (रूपए में) | | प्राप्त मात्रा (एमटीयू में) | व्यय (रूपए में) | | प्राप्त मात्रा (एमटीयू में) | व्यय (रूपए में) | | प्राप्त मात्रा (एमटीयू में) | व्यय (रूपए में) |
| | | (ए) | (बी) | | (सी) | (डी) | | (ई ) | (एफ) | | (सी + ई) | (डी + एफ) |
| 1 | 2018-19 | 0 | 0 | | 2057.87 | 10109501189 | | 986.6012 | 4729009404 | | 3044.4712 | 14838510593 |
| 2 | 2019-20 | 56.78 | 3333106951 | | 1499.98 | 7100564369 | | 1001.291 | 4758338776 | | 2501.271 | 11858903145 |
| 3 | 2020-21 | 0 | 0 | | 999.82 | 5724414464 | | 1000.479 | 6189530677 | | 2000.298 | 11913945141 |
| | | | | | | | | | | | | |